# अगर आपको न्यू जर्सी में पुलिस या आप्रवासन अधिकारियों द्वारा रोका जाता है तो क्या करना चाहिए

ACLU
AMERICAN CIVIL LIBERTIES UNION of NEW JERSEY

## ये बुनियादी नियम ध्यान में रखें:

**शांत रहें**। भागें नहीं। सोच समझकर बोलें। जो भी आप बोलेंगे वह आपके ख़िलाफ़ इस्तेमाल हो सकता है।

**अफ़सरो को छुएँ मत**। अपना हाथ वहाँ रखें जहाँ पुलिस अफ़सर देख सकें।

**विरोध न करें**। अगर आपको लगता है कि आप निर्दोष हैं, या फिर पुलिस अथवा ICE आपसे अनुचित या ग़ैर क़ानूनी रूप से पेश आ रहे हों, तब भी आप उनका विरोध न करें।

**आपको अपनी गाड़ी, घर या ख़ुद की तलाशी करवाने से इंकार करने का अधिकार है।** तलाशी करवाने से इंकार करने के लिए आपको गिरफ़्तार नहीं किया जा सकता है।

**अगर आपको पुलिस या ICE द्वारा रोका गया है, तो उनसे पूछें «क्या मैं जा सकता/सकती हूँ?"** यदि हाँ, और अगर आप बात नहीं करना चाहते, शांति से चले जाएँ।

**आपको पुलिस या ICE से बात करना ज़रूरी नहीं है।** पूछे जाने पर वैध दस्तावेज़ वाले आप्रवासियों को वीज़ा का प्रमाण ICE एजेंटों को दिखाना पड़ेगा, लेकिन पुलिस अधिकारियों को नहीं।

अगर आपको गिरफ़्तार किया जाता है तो:

- वकील की मांग करें
- अधिकारियों को बताएँ कि आप चुप रहना चाहते हैं
- इसके अतिरिक्त कुछ न कहें

## यदि आपको सड़क पर रोका जाता है:

पुलिस आपको तब तक पकड़ नहीं सकती जब तक कि उसे संदेह नहीं है कि आप आपराधिक गतिविधि में शामिल हैं। ICE आप को तब तक पकड़ नहीं सकती जब तक कि उसे नहीं लगता है कि आप बिना इजाज़त के देश में रहते हैं। पुलिस और ICE, आपको सिर्फ़ आपकी जाति, नस्ल या धर्म के आधार पर नहीं रोक सकती है। अगर आपको पुलिस या ICE द्वारा रोका जाता है, तो पूछिए «क्या मैं जा सकता/सकती हूँ?" अगर हाँ और आप उनसे बात नहीं करना चाहते हैं, तो शांति से चले जाएँ।

**पुलिस आपके कपड़ों की तलाशी तब तक नहीं ले सकती है, जब तक** उसे संदेह न हो कि आपके पास कोई छुपा हुआ हथियार है।

**पुलिस और ICE आपको या आपकी जेब या बैग की तलाशी तब तक नहीं ले सकती जब तक** उनके पास इस संदेह का उचित कारण न हो कि आपके पास से किसी अपराध का सबूत बरामद हो सकता है, या वे आपको गिरफ़्तार कर रही हैं। अगर पुलिस या ICE आपकी या आपकी संपत्ति की तलाशी लेने की कोशिश करती है, तो आप उनसे कहें, "मैं इससे सहमत नहीं हूं।» शारीरिक रूप से विरोध न करें।

**न्यू जर्सी में पुलिस आपकी ID या आपके नाम की मांग तब तक नहीं कर सकती है जब तक** कि वे आपको कोर्ट समन्स जारी नहीं कर रहे हों।

**आपको पुलिस या ICE के साथ अपने आप्रवास की क़ानूनी हैसियत (वीज़ा) के बारे में बात करने की ज़रूरत नहीं है।** यदि वे कहते हैं, तो वैध दस्तावेज़ वाले आप्रवासियों को ICE एजेंटों को अपनी क़ानूनी हैसियत का प्रमाण दिखाना चाहिए, लेकिन पुलिस अधिकारियों को नहीं। यदि आपके पास वैध दस्तावेज़ नहीं हैं, तो उन्हें बताएँ कि आप चुप रहना चाहते हैं। अपनी नागरिकता के बारे में झूठ न बोलें या नक़ली दस्तावेज़ हरगिज़ न दें।

## कार में:

**पुलिस आपकी कार को तभी रोक सकती है जब** उसे उचित संदेह हो कि आपने कोई अपराध किया है या किसी यातायात नियम का उलंघन किया है।

अगर कार में रोका जाता है, तो **ड्राइवर को लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, और इंश्योरेंस कार्ड दिखाना चाहिए**।

**पुलिस तभी आपकी कार की तलाशी ले सकती है** जब उसके पास वारंट है और आप तलाशी की अनुमति देते हैं, या आपकी गाड़ी रोकने के बाद यदि उसे संदेह हो जाए कि आपकी गाड़ी में कोई अवैध वस्तु या किसी अपराध का सबूत मिल सकता है।

**पुलिस आपकी कार की तलाशी तब तक नहीं ले सकती है जब तक** कि उसे विशेष संदेह न हो कि कार के अंदर किसी अपराध का सबूत है।

**पुलिस कार चालक को कार से बाहर निकलने का आदेश दे सकती है,** लेकिन यात्री को नहीं जब तक कि इसका सम्बन्ध यात्री की ख़ास सुरक्षा से न हो।

**यदि आप पर शराब के नशे में गाड़ी चलाने का संदेह है (DUI)** तो आपको शराब स्क्रीनिंग टेस्ट देने की आवश्यकता हो सकती है। यदि आप इन्कार करेंगे तो आपको DUI अपराध के तहत ड्राइविंग लाइसेंस खोना पड़ सकता है।

## अपने घर में:

आपातकालीन स्थितियों को छोड़कर (मसलन किसी की चीख़ की आवाज़), **पुलिस और आईसीई एजेंटों के पास आपके घर में प्रवेश करने के लिए एक वॉरंट,** या आपकी अनुमति होनी चाहिए। यदि पुलिस या आईसीई कहते हैं कि उनके पास वारंट है तो:

- इसे देखने की मांग करें- दरवाज़े के नीचे वारंट सरकाने या खिड़की से दिखाने की मांग करें
- ध्यान से देखें कि जानकारी सही है
- ध्यान से देखें कि किसी न्यायाधीश ने उस पर हस्ताक्षर किया है या नहीं

जब पुलिस किसी वारंट के बिना आपके घर में प्रवेश करने या तलाशी लेने के लिए कहती है, तो उसे अनुमति देने से **आप इंकार कर सकते हैं।**

यदि आपको अपने घर में गिरफ़्तार किया जाता है, तो **पुलिस आपकी और आपके आस पास की जगहों की तलाशी ले सकती है,** लेकिन उसमें अक्सर आपके कमरे के अतिरिक्त घर का हिस्सा शामिल नहीं होता।

**अगर आप को गिरफ़्तार किया जाता है तो अपने और अपने परिवार को तैयार करें।** अपने परिवार और वकील के फ़ोन नंबर याद रखें। आपातकालीन योजना बना लें, मसलन पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी की तैयारी करें, ख़ासकर अगर बच्चे हों या चिकित्सा की ज़रुरत हो। अपने दस्तावेज़ों की प्रतियां किसी ऐसे व्यक्ति के पास रखें जिसपर आपको भरोसा हो।

## अपने अधिकारों के लिए खड़े हों:

कभी-कभी पुलिस लोगों के अधिकारों का अतिक्रमण करके उनको को रोकती है, उनकी तलाशी लेती है या उन्हें गिरफ़्तार करती है। **यदि आपके साथ यह होता है, या यदि कोई ICE छापा मारती है, तो सब कुछ तुरंत लिखें।** यानी बैज और पुलिस कार नंबर, सब कुछ। यदि आप घायल हो जाएँ, तो इलाज की मांग करें और फ़ोटो खींचे।

**यदि आपको गिरफ़्तार नहीं किया गया है तो आपको सार्वजनिक स्थान पर ICE या पुलिस की गतिविधि की तस्वीर लेने या फ़िल्म बनाने का अधिकार है,** जब तक कि आप शारीरिक रूप से हस्तक्षेप

नहीं करते हैं। अगर आप ऐसी जगह पर हैं जहाँ होने का आपको अधिकार है तो आप वहाँ से रिकॉर्ड कर सकते हैं।

**पुलिस वारंट के बिना आपके फ़ोन की तलाशी नहीं ले सकती है।**

आप ऑडियो व वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं, जो सीधे-सीधे ACLU-NJ पर जाएगा। इसके लिए आप Mobile Justice app इस्तेमाल कर सकते हैं जो यहाँ उपलब्ध है: **www.aclu-nj.org/TheAppPlace**

जितने ज़्यादा दस्तावेज़ आपके पास होंगे उतना ही बेहतर होगा।

अगर आपको गिरफ़्तार किया गया है या पुलिस ने आपके साथ दुर्व्यवहार किया है तो जितनी जल्दी संभव हो **एक वकील से संपर्क करें** ।

वकील से बात किये बिना किसी काग़ज़ पर हस्ताक्षर न करें।

## अधिकारों का उल्लंघन हुआ है?

पुलिस के आंतरिक मामलों के विभाग में **शिकायत दर्ज करें**। विभाग को किसी भी समय (अज्ञात स्रोतों से भी) शिकायतें स्वीकार करनी होंगी। ICE के बारे में शिकायत दर्ज करने के लिए, Office of Professional Responsibility at **Joint.Intake@dhs.gov** or **2-877-1INTAKE** से संपर्क करें।

**आप** ACLU-NJ: **www.aclu-nj.org/complaint से भी संपर्क कर सकते हैं** या सोमवार से शुक्रवार तक **2084-642-973** पर फ़ोन कर सकते हैं।

Download Mobile Justice: **www.aclu-nj.org/TheAppPlace**

ACLU
AMERICAN CIVIL LIBERTIES UNION of NEW JERSEY

**American Civil Liberties Union of New Jersey**
P.O. Box 32159, Newark, NJ 07102
intake@aclu-nj.org | www.aclu-nj.org

इस कार्ड पर जानकारी सामान्य प्रकार की है और इसे क़ानूनी सलाह न समझा जाए।
क़ानूनी सलाह के लिए वकील से संपर्क करें। यह जानकारी American Civil Liberties Union of New Jersey Foundation, a non-partisan, nonprofit civil rights advocacy group, द्वारा विकसित व वितरित की गई है।

MARCH 2017 (HINDI)